# प्रेस नोट

## दिनांक 20.07.2022

## पुलिस थाना सरदारपुरा जोधपुर पश्चिम

- मोबाईल लूट के प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार
- लूट के चार मोबाईल बरामद
- प्रथम सूचना रिपोर्ट का विवरण :–

दिनांक 11.05.2022 को प्रार्थी श्री सुरेश कुमार सोहु पुत्र श्री रुपा राम सोहू निवासी हाकिम बाग, सरदारपुरा जोधपुर ने रिपोर्ट प्रस्तुत कि की 17 अप्रैल 2022 को रात 10.10 मिनट पर रेल्वे स्टेशन से ओलम्पिक सर्कल की तरफ जा रहा था तभी पीछे से तीन अज्ञात बाइक सवार आए और मेरा मोबाईल फोन छीनकर ले गए। वगेरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 129/2022 धारा 382/34 भादसं में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

- कार्यवाही पुलिस :–

पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोधपुर श्रीमान गौरव यादव ने मन थानाधिकारी सोमकरण पु0नि0 को उक्त प्रकरण में मोबाईल लूट करने वाले आरोपीगणों को दस्तयाब कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये, जिस पर मन थानाधिकारी के नेतृत्व में श्री सलीम मोहम्मद उनि मय जाब्ता द्वारा तकनिकी/मुखबीर सहायता से आज दिनांक 20.07.2022 को लूट के आरोपी सुरेश उर्फ सूरज पुत्र श्री प्रकाश जाति सांसी उम्र 19 साल निवासी सांसी कॉलोनी, पांचबत्ती पुलिस थाना रातानाडा जोधपुर को दस्तयाब कर आरोपी से लूट के चार मोबाईल बरामद किये। उक्त लूट में अन्य शरीक आरोपीगण की तलाश जारी है।

(सोमकरण पु0नि0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना सरदारपुरा